दिनांक–02.10.2023 समय–7.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्वालियर में देश के पहले अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल परिसर का किया उद्घाटन।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल नियंत्रण के लिए टेस्टिंग मोबाइल वैन की लोकार्पित ।

और

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में 100 करोड़ की सेमरी जलाशय नल–जल योजना का किया शुभारंभ ।

............

प्रधानमंत्री–ग्वालियर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ग्वालियर में देश के पहले अत्याधुनिक अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल परिसर का उद्घाटन किया। यह दिव्यांग खेल परिसर 34 एकड़ क्षेत्र में 151 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी प्रशिक्षण केन्द्र दिव्यांग व्यक्तियों के लिये खेल के समान अवसर प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण

कदम साबित होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लगभग 19 हजार करोड़ रुपये के कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इसके साथ ही श्री मोदी ने 2 लाख 21 हजार पीएम आवासों का गृहप्रवेशम भी कराया । प्रधानमंत्री ने कहा कि इंदौर,उज्जैन सहित इन नई औद्योगिक शुरुआत से यहां के युवाओं के लिए रोज़गार के हजारों नए अवसर सृजित होंगे। डबल इंजन सरकार की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मप्र का डबल इंजन सरकार पर भरोसा है क्योंकि डबल इंजन यानि दोहरा विकास।

महिला सशक्तिकरण को देश की जरूरत बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कोई वोट बैंक की राजनीति नहीं बल्कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने और समाज को बदलने की मुहिम है। नारी वंदना कानून इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

<u>प्रधानमंत्री–ग्वालियर–2</u>

समाज के दबे कुचले और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार की पहलों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले किसी ने दिव्यांग नाम नहीं सुना था। हमारी सरकार ने उन्हें सहायक उपकरण दिए और आज ग्वालियर में अंतर राष्ट्रीय स्तर का दिव्यांग संस्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों और मोटे अनाज के उत्पादक किसानों को हमने सम्मान निधि दी और श्रीअन्न को दुनिया भर में पहुंचाया। श्री मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा योजना ने छोटे छोटे काम करने वाले लोगों को नई ऊर्जा दी है। उनके ऋण की

गारंटी केंद्र सरकार दे रही है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्रसिंह तौमर ,मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ ही कई केन्द्रीय और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य भी मौजूद थे।

<u>महात्मा गांधी जयंती</u>

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर देशवासियो को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु ने कहा है कि महात्मा गांधी ने सभी को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और एक ऐसे बडे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसने इतिहास की दिशा बदल दी और हमें आजादी दिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री  लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आज जबलपुर के टाउन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अनेक संगठनों, राजनैतिक दलों और वरिष्ठजनों ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।  इस मौके पर नर्मदापुरम जिले में संगोष्ठियों सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आगरमालवा जिले मे भी मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें नमन किया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गांधी जयंती के अवसर पर सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन आज राजभवन में लोकार्पित की। मोबाइल टेस्टिंग वैन रेडक्रॉस की राज्य इकाई द्वारा अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, भोपाल को प्रदान की गई है। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों के लिए जनजातीय समुदाय के घर पर विज्ञान को पहुँचाने के दिशा में मोबाइल टेस्टिंग वैन प्रभावी पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मोबाइल युनिट का संचालन सिकल सेल पीड़ितों के उपचार और वाहक के पुर्नवास प्रयासों को दूरस्थ अंचल में और अधिक प्रभावी बनायेगा। मोबाइल टेस्टिंग वैन में सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिए आवश्यक सभी जाँचों की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। वैन का संचालन जनजातीय बहुल इलाकों में किया जायेगा।

मुख्यमंत्री रायसेन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन में लगभग 100 करोड़ की सेमरी जलाशय नल–जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रायसेन जिले का बम्होरी और सुल्तानगंज अब तहसील बनेगा । बेगमगंज में जनपद का नया भवन तथा ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। श्री चौहान ने 24 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत के 93 नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा शिलान्यास और 28 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से 25 निर्मित

विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। सेमरी जलाशय आधारित समूह नल–जल प्रदाय योजना से बेगमगंज के 46 व गैरतगंज के 49 ग्राम लाभान्वित होंगे। क्षेत्र के 12 हजार 61 परिवारों की 76 हजार 400 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

विशेष अभियान – स्वच्छता

पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हुआ यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है।

मंडाविया – अंग दान

आयुष्मान भव अभियान के तहत 50 हजार से अधिक लोगों ने अपने अंग दान करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने गुजरात के गांधीनगर से इस अभियान की शुरुआत की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का आग्रह किया।

## एशियाई खेल

चीन में हांगचाओ एशियाई खेलों में भारत स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। आज भारत ने 14वां स्वर्ण पदक 400 मीटर रेस में प्राप्त किया। तेजस्विनी शंकर ने भारत को यह पदक दिलाया। आज भारत ने दो रजत और पांच कांस्य पदक भी जीते। महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा का रजत और कांस्य पदक जीत लिया। भारत की पारूल चौधरी ने इस स्पर्धा का रजत और प्रीति ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या 61 हो गई है। स्पीड स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुषों टीम ने कांस्य पदक जीता। भारत को टेबल टेनिस में महिला डबल्स का भी कांस्य पदक मिला। पुरुष हॉकी में भारत ने बांग्लादेश को 12–0 से हरा दिया है।

समाचार संक्षेप में :–

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल सुबह 11 बजे भोपाल मेट्रो रेल ट्रॉयल रन का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। ट्रॉयल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक होगा।
- खंडवा जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के लिए 3 से 7 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।
- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बैतूल जिले में लोगों द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान कर गली, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों से कचरा तथा सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित किया गया।

- धार जिला मुख्यालय पर जिले के ग्रामीण आजीविका मिशन  के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तीन दिवसीय  आजीविका उत्पाद मेला व उत्पादों की प्रदर्शनी  का आयोजन किया जा रहा है।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन को आज सतना के महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मनाया गया।
- छिंदवाड़ा में नगरपालिक निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर श्रमदान किया ।

------------